





### एक नजर में

## पेंशनर महासंघ की बैठक 21 फरवरी को, सदस्यता और विकास कार्यों पर होगी चर्चा

**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ, नगर इकाई मंदसौर की महत्वपूर्ण मासिक मिलन बैठक आगामी 21 फरवरी, शनिवार को आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 1.30 बजे से स्थानीय डे केयर सेंटर (पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्ध जन सेवा केंद्र) पर आहूत की गई है। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें वर्ष 2025 की सदस्यता राशि की समीक्षा की जाएगी। जिन इकाइयों ने अब तक राशि जमा नहीं की है, उन्हें जमा करने के निर्देश दिए जाएंगे। वर्ष 2026 की अब तक की सदस्यता प्रगति की जानकारी ली जाएगी। संगठनात्मक चर्चा के पश्चात स्मृति नागरिक बैंक के प्रबंधक महोदय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और वरिष्ठ नागरिकों से विभिन्न वित्तीय व जनहितकारी विषयों पर संवाद करेंगे। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जा सकेगा।

## जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन 25 फरवरी को गरोठ में

**मंदसौर।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि म.प्र. शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 25 फरवरी 2026 को प्रातः 10:30 बजे से शासकीय एस.एन. उदिया महाविद्यालय परिसर, गरोठ, जिला मंदसौर में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा। इस युवा संगम मेले के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजकों द्वारा आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। साथ ही, जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

# जल संरक्षण की दिशा में निरंकारी मिशन का सशक्त कदम 'प्रोजेक्ट अमृत' का चौथा चरण

**मन्दसौर। जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 22 फरवरी 2026 प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है।**

संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुँचाएगा।




इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का सूत्रपात किया था। यह पुनीत पहल जल संरक्षण को किसी एक दिवस या अभियान तक सीमित न रखकर उसे जीवनशैली, संस्कार और सेवा-भाव के रूप में अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देती है, जहाँ स्वच्छ जल से स्वच्छ मन और स्वच्छ समाज का निर्माण संभव हो सके।

नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं एवं झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु समर्पित इस जनआंदोलन ने अपने प्रथम तीन चरणों में सेवा, समर्पण और सहभागिता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है। इन्हीं उपलब्धियों से प्रेरित होकर इस चरण को और अधिक विस्तृत, संगठित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है जिससे समाज के हर वर्ग में प्रकृति के प्रति जागरूकता और सहभागिता की सुदृढ़ चेतना का विस्तार कर सके।

### जब मन निर्मल होता है, तभी प्रकृति भी स्वच्छ होती है, और जब सेवा में समर्पण जुड़ जाता है

गीतों की मधुर प्रस्तुतियाँ, सामूहिक गान, जागरूकता संगोष्ठियाँ एवं सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से जलजनित रोगों तथा स्वच्छता के महत्व पर जनचेतना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह पहल यह स्मरण कराती है कि जब मन निर्मल होता है, तभी प्रकृति भी स्वच्छ होती है, और जब सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, तब समाज का नव निर्माण होता है। सतगुरु माता जी का संदेश सदैव यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोकर रखें। 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान उसी पावन संकल्प का सजीव प्रतीक है, जो मानव को प्रकृति, समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा, संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है। उक्त जानकारी मीडिया सहायक शीतलदास कोतक ने दी।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आगामी पर्वों—नाहर सैय्यद राष्ट्रीय एकता मेला, होलिका दहन, धुलेंडी, गुड फ्रायडे, रंग पंचमी, शीतला सप्तमी, गुड़ी पड़वा/चैत्र नवरात्रि, चैती चाँद, ईद-उल-फीतर, रामनवमी, महावीर जयंति एवं हनुमान जयंति—के दौरान कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक आगामी पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए।

कलेक्टर गर्ग ने ध्वनि प्रदूषण पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध रहेगा तथा डीजे के उपयोग पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रतिबंध के बावजूद डीजे बजाने पर कठोर कार्रवाई होगी। किसी भी स्थान पर डीजे बजने की




सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7422220500 एवं 7049101039 पर दे। डीजे पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी।

शांति समिति के सदस्यों ने सामूहिक निर्णय लिया कि होली के दौरान आयोजित होने वाली गैर में किसी प्रकार के डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा तथा समाज के अन्य सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। सभी पर्व सामूहिक रूप से एवं संयम के साथ मनाने की अपील की गई।

बैठक में नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी एवं एमपीईबी विभाग को त्योहारों के दौरान फील्ड में सक्रिय रहकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका को साफ-सफाई, एमपीईबी को विद्युत पोल एवं तारों की जांच, तथा ट्रैफिक पुलिस को रूट प्लान तैयार कर आमजन को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने एवं एम्बुलेंस को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश प्रदान किए गए।

सभी समाजजनों से होलिका दहन में हरे पौधों को न काटने तथा सूखी लकड़ी एवं गोबर के कंडों का उपयोग करने की अपील की गई। साथ ही आयोजनों में वालंटियर तैनात करने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें न फैलाने की चेतावनी दी गई। भ्रामक खबर फैलाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### एक नजर | खानपुरा क्षेत्र में 2.40 करोड़ रू. की लागत से होगा सड़क चौड़ीकरण और शिव द्वार का निर्माण

# मंदसौर को मिली बजट की सौगात से रामघाट पर हुई भव्य आतिशबाजी

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत राज्य बजट में मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के लिए 22 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस बजट में विशेष रूप से नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 33 के लिए 2 करोड़ 40 लाख रुपये की बड़ी सौगात मिली है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

बजट में खानपुरा क्षेत्र के रामघाट से लेकर प्रतापगढ़ चौराहा बाईपास तक रोड चौड़ीकरण एवं 'शिव द्वार' के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर वार्ड वासियों में हर्ष व्याप्त है। इस खुशी में रामघाट स्थित उत्तर मुखी बालाजी मंदिर पर भव्य आतिशबाजी की गई।




वार्ड पार्षद कमलेश सिसौदिया ने बताया कि इस रोड़ पर आये दिन दुर्घटना होती रहती है जिससे जनता की विशेष मांग पर विगत कई समय से मुख्यमंत्रीजी, वित्तमंत्रीजी, सांसदजी, नपाध्यक्ष से इस बाबत् पत्राचार कर व उन्हें समय-समय पर अवगत कराकर इस रोड़ के निर्माण की मांग उठाई जाती रही है। बजट में इस रोड़ हेतु राशि स्वीकृत होने से वार्डवासियों में खुशियों की लहर है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री विजय सुराणा, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतेश चावला, वरिष्ठ नेता मदनलाल राठौर, जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश गुर्जर एवं युवा नेताभानुप्रताप सिंह सिसोदिया का वार्ड वासियों द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। साथ ही, वार्ड 33 के पार्षद श्री कमलेश सिसोदिया का साफा बांधकर विशेष अभिनंदन किया गया।

मंदसौर के विकास को गति देने वाले इस बजट के लिए सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक सिसोदिया, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार एवं उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया है।

## नीमच


### एक नजर में

## खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए चार डंपर एवं एक जेसीबी जब्त



**नीमच।** खनि अधिकारी गजेन्द्र सिह डाबर ने बताया, कि खनिज निरीक्षक श्री सुनिल जाधव एवं खनिज टीम ने अवैध उत्खन्न, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध जावद क्षेत्र के ग्राम दामोदरपुरा, केसरपुरा एवं सिंगोली क्षेत्र में प्रभावी कार्यवाही करते हुए खनिज मिट्टी, एम-सेण्ड एवं गिट्टी का अवैध उत्खन्न एवं परिवहन करते हुए 5 वाहनों को मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत जप्त किया गया हैं। उक्त वाहनों को नयागांव चौकी एवं सिंगोली थाने की अभिरक्षा में आगामी आदेश सुरक्षार्थ खडा किया गया हैं। अवैध उत्खन्न एवं परिवहन में संलिप्त वाहनों डम्पर आर.जे.06जी.बी.8742, डम्पर आर.जे.09जी.ई.8906, एम.पी.21एच.1914, ट्रेलर आर.जे.09जी.डी.2255, जे.सी.बी.आर.जे.32ई.ए.0876 शामिल हैं।


## आगामी त्यौहारों को लेकर थाना कुकड़ेश्वर पर हुई शांति समिति की बैठक



**कुकड़ेश्वर।** आगामी त्यौहारों के मद्देनज़र कुकड़ेश्वर थाना परिसर में पुलिस प्रशासन एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली, रामनवमी एवं रमजान माह के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया ।बैठक में थाना प्रभारी भीम सिसोदिया ने सभी नागरिकों से अपील की कि त्योहारों को पारंपरिक उत्साह के साथ-साथ आपसी सद्भाव और कानून व्यवस्था का पालन करते हुए मनाएं। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करने का आग्रह किया गया इस अवसर पर तहसीलदार नवीन सलोत्रे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत अध्यक्ष उर्मिला पटवा, बिजली विभाग से नितिन हुईके सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे ।बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे ताकि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, बिजली, पेयजल एवं साफ-सफाई जैसी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनी रहें। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया

# जावद की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरा बजट

> विधायक ओमप्रकाश सकलेचा की मैराथन मेहनत लाई रंग, क्षेत्र को मिली रिकॉर्ड 12 सड़कों और शिक्षा की सौगात



**जावद। राजनीति में जब जनहित सर्वोपरि हो और जनप्रतिनिधि की इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो विकास के नए आयाम स्थापित होते हैं। मध्य प्रदेश सरकार के नवीन बजट में जावद विधानसभा को मिली ऐतिहासिक सौगातें इसी बात का प्रमाण हैं। क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश सकलेचा द्वारा बजट सत्र से महीनों पूर्व शुरू की गई तैयारियों और शासन स्तर पर की गई सतत पैरवी (मेहनत) का ही परिणाम है कि जावद विधानसभा को जिले में सर्वाधिक 12 नई सड़कों की स्वीकृति मिली है।**

जनता की मांग बनी विधायक का संकल्पविधायक श्री सकलेचा ने पिछले कई महीनों से क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों का दौरा कर जनता की नब्ज टटोली थी। जहाँ-जहाँ ग्रामीणों ने सड़क और शिक्षा की समस्याएं बताईं, विधायक ने उन्हें अपनी प्राथमिकता सूची में शामिल किया। भोपाल में मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों के समक्ष जावद की जनता का पक्ष मजबूती से रखने का नतीजा यह हुआ कि आज क्षेत्र को 125 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली है।

**कनेक्टिविटी:** जनता के सफर को सुहाना बनाने की तैयारीक्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए विधायक ने काटुंदा मोड़ से माखनगंज (55 करोड़) और मोरवन से मनासा (50 करोड़) जैसे बड़े प्रोजेक्ट स्वीकृत कराए हैं।ये सड़कें केवल डामर की लकीरें नहीं, बल्कि क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों और आम जनता के लिए आर्थिक तरक्की की 'लाइफलाइन' साबित होंगी। इसके अलावा सुदूर अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए खोर-हनुमंतिया, कनेरा घाट और कदवासा जैसे मार्गों की स्वीकृति से ग्रामीणों का जीवन आसान होगा।

> '12 सड़कों की स्वीकृति और शिक्षा के लिए बजट मिलना बताता है कि हमारी सरकार जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है। मेरा प्रयास यही है कि जावद का हर नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़े और उनका जीवन स्तर बेहतर हो।'
> **— ओमप्रकाश सकलेचा, विधायक, जावद**

### बच्चों के भविष्य की चिंता

स्कूलों में अब होगी स्मार्ट पढ़ाईविधायक श्री सकलेचा ने सिर्फ सड़कों की ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के नौनिहालों के भविष्य की भी चिंता की। उनकी पहल पर बजट में शिक्षा के लिए 1 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। अब शासकीय स्कूल लालपुरा और आलोरी के बच्चे भी 'स्मार्ट क्लास' (इंटरैक्टिव पैनल) के जरिए आधुनिक तकनीक से पढ़ाई कर सकेंगे। यह ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शहरी स्तर की सुविधाएं देने की दिशा में विधायक का एक बड़ा कदम है ।विधायक का संदेश: 'यह बजट मेरे परिवार रूपी जावद की जनता की जीत है। बजट से पहले मैंने क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी मांग को सरकार के सामने रखने के लिए जो मैराथन प्रयास किए थे, आज उन्हें सफल होते देख मन को संतोष है।

**जनता को मिली ये प्रमुख सौगातें (एक नजर में):** सबसे बड़ी राहत: काटुंदा मोड़ - माखनगंज मार्ग (21.5 किमी) - 55 करोड़ * दूसरी बड़ी उपलब्धि: मोरवन - मनासा मार्ग (23 किमी) - 50 करोड़ * ग्रामीण संपर्क: खोर - हनुमंतिया - अठाना मार्ग - 6 करोड़ * अन्य महत्वपूर्ण सड़कें: हनुमान चौराहा-कनेरा घाट, कदवासा पहुंच मार्ग, झांतला-गोविंदपुर, डिकेन-गुढ़ाहोला, थड़ोद, जावद-सेगवा आदि।



# गौ सम्मान आह्वान अभियान की बैठक

> 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान दिवस' मनाने का निर्णय

**मनासा।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत बुधवार, 18 फरवरी 2026 को नीमच और मनासा क्षेत्र में दो स्थानों पर बैठक आयोजित की गई।

नीमच में परशुराम भगवान मंदिर परिसर में दोपहर 2 बजे बैठक हुई, वहीं मनासा तहसील के फुलपुरा गांव स्थित चमत्कारी बालाजी मंदिर परिसर में शाम 5 बजे आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में वेद लक्ष्मणा सहित संतों और गौ भक्तों ने गौ माता के गुणों पर प्रकाश डाला तथा गौ सम्मान आह्वान अभियान के उद्देश्य और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से गो सेवा की प्रतिज्ञा ली और गो प्रार्थना की।

बैठक में सर्वसम्मति से 27 अप्रैल 2026 को गौ सम्मान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर तहसील नीमच और मनासा के समस्त गोभक्त एवं गोपालक 27 अप्रैल को प्रातः 10 से 11 बजे के बीच तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार के माध्यम से देश के माननीय प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। ज्ञापन में भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गाय को राष्ट्रमाता, राष्ट्र धरोहर एवं राष्ट्र आधार का दर्जा देने की मांग की जाएगी।

बैठक में बड़ी संख्या में गौ भक्तों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### एक नजर | कलेक्टर ने कानून व्यवस्था संबंधी बैठक में दिए मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश

# आगामी त्यौहारों के मददेनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी का संयुक्त क्षेत्र भ्रमण

**नीमच।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को और मजबूत एवं सुदृढ बनाने के लिए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिले के सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेटो एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। बैठक में फरवरी से जून 2026 माह तक के सभी त्यौहारों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस.सिसोदिया, सभी एसडीएम, एसडीओपी, सीएसपी नीमच सहित सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए, कि सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र का भ्रमण, पेट्रालिंग, फ्लेग मार्च कर अपने-अपने क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखे और सूचना तंत्र को मजबूत बनाए। स्थानीय रहवासियों से संपर्क संवाद कर क्षेत्र में निगरानी रखे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल नेआदतन अपराधियों के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही करवाने के निर्देश थाना प्रभारियोंको दिए गये। साथ ही निगरानी शुदा व्यक्तियों की थाने में प्रतिदिन हाजरी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए है।एसपी ने कहा कि त्यौहारों पर जुलूस, अखाडों में ड्रोन कैमरे की व्यवस्था की जाए तथा विशेष टीम लगाकर निगरानी की जाए।

### शांति समिति की बैठके आयोजित करने के निर्देश

बैठक में निर्देश दिए, कि सभी अधिकारी थाना स्तर पर शांति समिति की बैठके आयोजित कर लें और सुनिश्चित करे, कि मुख्य चौराहों, मार्गो पर और बिजली के तारों के नीचे होलिका दहल स्थल का चयन ना हो, जिससे कि यातायात बाधित ना हो और आमजनों को कोई असुविधा ना हो। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय संवाद के साथ फिल्ड भ्रमण करने के निर्देश दिए ।उन्होने निर्देश दिए, कि फिल्ड अधिकारियों से सभी प्रकार की सूचनाएं वरिष्ठ स्तर पर तत्काल पहुचे और सूचनाओं पर मैदानी अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा, कि सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट स्थानीय निकायों से त्यौहारों पर आवश्यकतानुसार प्रकाश, बेरिकेंटिग्स, पब्लिक अनाउंस सिस्टम आदि की व्यवस्थाए सुनिश्चित करवाएं।